समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# IPL 2025: साई सुदर्शन से छीनेगी ऑरेंज कैप ? शुभमन गिल बने सबसे बड़े दावेदार, अब तक 6 बल्लेबाज़ 500+ रन क्लब मे।

Publisher
Published on 19 May 2025



## IPL 2025 की ऑरेंज कैप रेस मे मंचा घमासान।

जैसे-जैसे **आईपीएल 2025** अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे **ऑरेंज कैप** की रेस और भी रोमांचक होती जा रही है। **गुजरात टाइटंस** के बल्लेबाज **साई सुदर्शन** फिलहाल ऑरेंज कैप के प्रबल दावेदार हैं, लेकिन उनके अपने ही कप्तान **शुभमन गिल** इस खिताब को उनसे छीनने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

### IPL 2025 ऑरेंज कैप टॉप 6 बल्लेबाज़

| रैकं | खिलाड़ी | टीम | रन | औसत 100/50 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | साई सुदर्शन | गुजरात टाइटंस | 617 | 56.09 1/5 |
| 2 | शुभमन गिल | गुजरात टाइटंस | 601 | 60.10 0/6 |
| 3 | यशस्वी जायसवाल | राजस्थान रॉयल्स | 523 | 47.54 1/3 |
| 4 | सूर्यकुमार यादव | मुंबई इंडियंस | 510 | 45.23 0/4 |
| 5 | विराट कोहली | रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर | 505 | 42.08 0/5 |
| 6 | जोस बटलर | गुजरात टाइटंस | 500 | 41.66 0/4 |

### क्या शुभमन गिल छीन लेगें ऑरेंज कैप ?

१. गुजरात टाइटंस के **शुभमन गिल** केवल **16 रन** पीछे हैं और जिस फॉर्म में वे हैं, ऐसा लग रहा है कि वे अगली ही पारी में **साई सुदर्शन** से **ऑरेंज कैप** छीन सकते हैं।

२. **शुभमन** का **औसत** और **स्ट्राइक रेट** दोनों जबरदस्त हैं।

३. यदि गुजरात प्लेऑफ में और मैच खेलती है तो गिल के पास ज्यादा मौके होंगे।

**गुजरात टाइटंस की जोड़ी बना रही रिकॉर्ड**

१. **साई सुदर्शन** और **शुभमन गिल** की जोड़ी अब तक 1,218 रन बना चुकी है।

२. दोनों ने मिलकर एक **शतक** और **11 अर्धशतक** जड़े हैं।

३. **गुजरात टाइटंस** के लिए यह ओपनिंग जोड़ी एक बड़ी ताकत बनकर उभरी है।

**कौन-कौन बना 500 रन क्लब का सदस्य?**

१. **आईपीएल 2025** में अब तक कुल 6 बल्लेबाज़ **500 रन** का आंकड़ा पार कर चुके हैं।

२. इनमें **गुजरात टाइटंस** के 3 खिलाड़ी हैं—**साई सुदर्शन, शुभमन गिल** और **जोस बटलर**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.